Title : Need to take action against Jamiyat-Ulema-a-Hind for allegedly attempting to denigrate the National song 'Vande Matram'.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद): सभापति महोदय, मैं आपका और केन्द्र सरकार का ध्यान एक अति गम्भीर विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। हाल ही में उत्तर प्रदेश के देवबंद में दिनांक 3 नवम्बर को जमीयत-उलेमा-ए-हिन्द के 30वें सम्मेलन में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया। उस सम्मेलन में देश के गृह मंत्री जी भी मौजूद थे। राष्ट्र गीत के खिलाफ प्रस्ताव पारित करना पूरे देश के लिए शर्मनाक बात है। वंदे मातरम् गीत की रचना स्वर्गीय गीतकार श्री बंकिम चंद्र चटर्जी ने भारत की स्वाधीनता के लिए लड़ रहे स्वतंत्रता सेनानियों में जोश और उत्साह भरने के लिए की थी।...(व्यवधान)

SHRI ABDUL RAHMAN (VELLORE): There is no condemnation of that. There is no such word. When you raise an issue in Parliament, you should put forward the correct facts. ...(*Interruptions*)

श्री चंद्रकांत खैरे : इस गीत के कारण देश भर में आजादी के लिए बड़ा आंदोलन चला और कई लोग शहीद भी हुए। सन् 1857 में यह गीत लिखा गया था। वंदे मातरम् केवल गीत ही नहीं है, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों को नमस्कार भी करता है और उनकी प्रशंसा भी करता है, जिन्होंने अपने जान गंवा कर देश को आजाद कराने में अपना योगदान दिया। यह गीत हमारी मातृभूमि की पूजा करते हुए गाया गया है। इस गीत का अपमान जमीयत-उलेमा-ए-हिन्द ने किया है...(व्यवधान) मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर इस देश में रहना है तो वंदे मातरम् गाना ही होगा। वंदे मातरम् का जो लोग अपमान करते हैं, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। हम लोग संसद में भी इस गीत का गान करते हैं।...(व्यवधान) इसलिए जिन्होंने हमारे राष्ट्र गीत के खिलाफ प्रस्ताव पास किया है, मैं सरकार से मांग करता हूं कि उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, क्योंकि यह राष्ट्रद्रोह वाली बात है। यही मेरी मांग है।...(व्यवधान)

THE MINISTER OF LABOUR AND EMPLOYMENT (SHRI MALLIKARJUN KHARGE): What he is saying is not there in the resolution. Why should he talk about things which are not there in the resolution? He can create a conflict. ...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): Sir, with your kind permission I want one thing to go on record. The hon. Home Minister who attended that conference had already clarified the position. He very clearly said that there was nothing at the time when he was there in the conference. ...(*Interruptions*)

SHRI ABDUL RAHMAN (VELLORE): Your statement is completely false.

MR. CHAIRMAN : Whatever is unparliamentary and derogatory will be expunged from the record.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except Shri Sajjan Singh Verma.

(Interruptions) â€¦ *